अपोलो कॉलेज, अंजोरा, दुर्ग (छ.ग.)
IQAC

Date
Page

# बैठक क्रमांक - 18

आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) की बैठक ऑनलाइन पद्धति से zoom App के माध्यम से 11 मई 2021 को, दिन मंगलवार प्रातः 11:30 बजे से आहूत की गई, जिसमें चर्चा के पश्चात् निम्नलिखित बिन्दुओं पर महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये।

(1) प्राचार्य महोदय के द्वारा सर्वप्रथम सभी सदस्यों का अभिवादन किया गया इसके पश्चात पिछली बैठक में लिये गये निर्णयों पर की गयी कार्यवाही की जानकारी देते हुए बताया गया कि पिछली बैठक में लिये गये समस्त निर्णयों को सफलतापूर्वक सम्पादित किया गया।

(2) हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ०ग०) से सम्बद्धता प्राप्त अपोलो महाविद्यालय में प्रशिक्षण ग्रहण कर रहे प्रशिक्षार्थियों की विश्वविद्यालयीन परीक्षा कोरोना महामारी के फैलते संक्रमण के कारण ऑनलाइन (ब्लेन्डेड) माध्यम से लिये जाने का आदेश विश्वविद्यालय से प्राप्त हुआ है। प्राचार्य महोदय द्वारा जानकारी दी गई कि इस वर्ष परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाएँ महाविद्यालय में स्पीडपोस्ट या प्रशिक्षार्थी स्वयं महाविद्यालय आकर जमा कर सकेंगे। परीक्षा संबंधी समस्त आवश्यक कार्य योजना बना ली गयी है।

(3) प्रतिवर्ष अपोलो महाविद्यालय सद्भावना कार्यक्रम के अन्तर्गत अन्तर्महाविद्यालयीन प्रतियोगिताओं का आयोजन करता आ रहा है, निरन्तरता को बनाये रखते हुए इस वर्ष कोरोना महामारी के फैलते संक्रमण से बचाव हेतु विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन ऑनलाइन zoom App के माध्यम से आयोजित किये जाने का निर्णय लिया गया तथा सभी सदस्यों से प्राचार्य द्वारा सुझाव मांगे गये, सर्वसम्मति से सभी प्रतियोगिताएं जिसमें मेंहदी, रंगोली, पुष्प सज्जा, सलाद सज्जा, प्रश्नमंच, बिना आग के व्यंजन, एकल गीत,

एकल नृत्य, समूह नृत्य आदि zoom APP के माध्यम से ऑनलाइन करायी जाने की सहमति प्राप्त हुई। ऑनलाइन प्रतियोगितियों के अनुरूप नियम बनाये जाएँ, जिसके लिए श्री संजय अग्रवाल जी द्वारा प्रतियोगिताओं हेतु आवश्यक वीडियो एवं फोटो पूर्व में ही आमंत्रित किये जाएँ एवं समय-सीमा का निर्धारण भी किये जाने का निर्देश दिया गया, जिसे सभी ने सर्वसम्मति से सहर्ष ही स्वीकृति प्रदान की। इसके साथ ही इस वर्ष 'सद्भावना' राज्य स्तरीय किये जाए तथा कार्यक्रम के आयोजन सम्बन्धी योजना बनाये जाने का आदेश प्राचार्य द्वारा दिया गया।

(4) महाविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन किये जाने पर विचार-विमर्श के बाद सर्वसम्मति से "Post-Covid Shifts in Academic Environment and coping strategies" विषय पर ऑनलाइन Google Meet के माध्यम से कराये जाने का निर्णय लिया गया। जिसके लिए भारत के विभिन्न राज्यों कम-से कम 6 (छः) राज्यों से वक्ताओं को आमंत्रित किया जाए।

(5.) एलुमनी संघ की अध्यक्ष द्वारा सुझाव दिया गया कि एलुमनी संघ की बैठक आयोजित की जाए, जिसमें एलुमनी संघ का पुनर्गठन किया जाना सुनिश्चित किया जाए, इसके साथ ही एलुमनी संघ के सदस्यों द्वारा पास की शालाओं एवं महाविद्यालयों में निःशुल्क शिक्षण दिया जाए और जरूरतमंदों की सहायता किये जाने का बेड़ा भी उठाया जाए, सुझाव को सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गयी। बैठक में एलुमनी (भूतपूर्व छात्र) हेतु प्लेसमेंट का आयोजन कर उन्हें रोजगार के अवसर दिलाये जाने पर भी चर्चा की गयी तथा बी० एड० चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद उन विद्यार्थियों के साथ एलुमनी को भी आमंत्रित किये जाने का निर्णय भी लिया गया।

(6.) राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तहत कोरोना महामारी

से बचाव हेतु तथा कोरोना वैक्सीनेशन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाए, जिससे विश्वव्यापी कोरोना महामारी के फैलते संक्रमण की रोकथाम की जा सके। इसके लिए राज्य स्तरीय व ऑनलाइन वेबीनार का आयोजन कर लोगों को जागरूक किया जाए। वेबीनार हेतु वक्ताओं के नाम सदस्यों द्वारा सुझाए गये एवं डॉ० आर०पी० अग्रवाल, एन०एस०एस० समन्वयक हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग तथा डॉ० केवितराज भोंगा एन०एस०एस० जिला समन्वयक, राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज विश्वविद्यालय, नागपुर, महाराष्ट्र को आमंत्रित किये जाने को सभी ने स्वीकृति प्रदान की।

इसके साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तहत महाविद्यालय प्रांगण में वृक्षारोपण कार्यक्रम तथा स्वच्छता अभियान के तहत महाविद्यालय की सफाई किये जाने का भी निर्णय लिया गया।

7) जून माह में महाविद्यालय में कार्यरत प्राध्यापकों के विकास हेतु प्राध्यापक विकास कार्यक्रम (Faculty Development Programme) आयोजित किये जाने का सुझाव आइ०क्यू०ए०सी० समन्वयक द्वारा दिया गया, जिसके लिए सदस्यों द्वारा वक्ताओं के नाम भी सुझाए गये। सर्वसम्मति से डॉ० नीरा पाण्डे, प्राध्यापक व विभागाध्यक्ष (शिक्षा) श्री शंकराचार्य कॉलेज, भिलाई (छ०ग०) और डॉ० बी० वी० रमन्ना राव, सहायक प्राध्यापक आइ०ए०एस०ई०, बिलासपुर (छ०ग०) को आमंत्रित किये जाने को सहमति प्रदान की गयी। अध्यक्ष द्वारा वेबीनार का विषय "ENRICHING KNOWLEDGE ABOUT RESEARCH" रूप पर किये जाने हेतु सुझाव दिया गया, जिसे सभी सदस्यों ने सहर्ष ही स्वीकृति प्रदान की।

8) अपोलो महाविद्यालय के महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में ऑनलाइन कवि सम्मेलन आयोजित किया जाए, जिससे महामारी के दौरान महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य में बेहतरी हो सके।

जिसके लिए श्रीमती चंदा साहू द्वारा कोविड-19, ऑनलाइन शिक्षा, लॉकडाउन विषय पर ऑनलाइन कवि सम्मेलन आयोजित किये जाने का सुझाव दिया गया, जिसे सभी ने स्वीकृति प्रदान की। अध्यक्ष द्वारा कार्यक्रम हेतु कवियों के नाम भी आमंत्रित किये गये। सभी सदस्यों ने कवियों के नाम सुझाए, जिसमें से कवि डॉ० प्रेमकुमार पाण्डेय, विठ्ठल पुरम, उमदा रोड, भिलाई-3 (छ०ग०), कवि श्री आवेश देशमुख, अमलीपारा, खैरागढ़ (छ०ग०) तथा कवि श्री हरीश निर्मलकर, चरमुड़िया, कुरूद धमतरी (छ०ग०) को आमंत्रित किया जाना सुनिश्चित हुआ।

साथ ही 'ब्रेस्ट फीडिंग' पर जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किये जाने पर विचार-विमर्श किया गया तथा विचार-विमर्श के उपरान्त ग्राम थनौद में डॉ० मानसी गुलाटी, स्त्री रोग विशेषज्ञ को आमंत्रित कर ग्रामवासियों को माता के दूध की गुणवत्ता के विषय में जानकारी दी जाए और 'ब्रेस्ट फीडिंग' जागरूकता संबंधी अन्य कार्यक्रम जैसे रैली आदि के द्वारा भी महिलाओं को जागरूक किये जाने हेतु योजना बनाए जाने के लिए श्रीमती बी० पाल जी द्वारा दिये गये निर्देश एवं सुझाव को स्वीकृति प्रदान की गयी।

(9) महाविद्यालयीन स्तर पर प्रतियोगिताएँ आयोजित करने हेतु अध्यक्ष द्वारा सभी सदस्यों से प्रतियोगिताओं के नाम मांगे गये, जिसमें सभी सदस्यों ने अपना-अपना मत प्रस्तुत किया और सर्वसम्मति से "कोरोना जागरूकता" विषय पर ऑनलाइन निबंध प्रतियोगिता तथा "जल संरक्षण" विषय पर ऑनलाइन पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित किये जाने का निर्णय लिया गया। यह प्रतियोगिता महाविद्यालय में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे डी० एल० एड०, बी० एड० एवं एम० एड० प्रशिक्षार्थियों हेतु Google meet app के माध्यम से आयोजित की जाए, जिसके लिए प्रशिक्षार्थी संबंधित विषय पर वीडियो एवं पावर प्वाइन्ट प्रेजेन्टेशन बनाकर प्रस्तुति देंगे।

(10) प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया जाए। विश्वव्यापी कोरोना महामारी के संक्रमण से बचाव हेतु भारत सरकार द्वारा दिये गये दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए ऑफलाइन एवं ऑनलाइन दोनों ही माध्यम से योग एवं मेडिटेशन पर कार्यशाला का आयोजन किये जाने हेतु डॉ० मनीष जैन जी द्वारा निर्देश दिया गया और इस कार्यशाला में योग गुरु डॉ० पी० एल० साव, डिवाइन इण्डिया युथ एसोसिएशन (छ०ग०) योगाचार्य डॉ० वाय० के० साहू अध्यक्ष गायत्री परिवार (छ०ग०) योगाचार्य श्रीमती अनिता साव, प्राध्यापक, सी० एस आई० टी० मेकेनिकल डिपार्टमेन्ट तथा योग प्रशिक्षक अनेश कुमार देशमुख, छत्तीसगढ़ योग आयोग को आमंत्रित किया जाना सुनिश्चित किया गया।

(11) महामारी के समय विद्यार्थियों को शिक्षण संबंधी समस्याओं की जानकारी हेतु तथा पालकों से सुझाव लेकर उन समस्याओं के समाधान के लिए पालक शिक्षक संघ की ऑनलाइन बैठक आहूत की जाए एवं अध्यक्ष द्वारा पालक शिक्षक संघ प्रभारी, सचिव को पालक शिक्षक संघ के पुनर्गठन हेतु आवश्यक कार्यवाही किये जाने का आदेश भी दी गया।

(12) महाविद्यालय में संचालित एम० एड० पाठ्यक्रम में अध्ययनरत एम० एड० प्रशिक्षार्थियों को शोध प्रविधि विषय पर होने वाली समस्याओं जैसे शोध प्रस्ताव बनाने तथा लघुशोध प्रबंध की तैयारी के लिए विषय विशेषज्ञों को आमंत्रित कर प्रशिक्षार्थियों के समस्याओं का समाधान किया जाए। जिसके लिए एम० एड० कक्षा प्रभारी द्वारा डॉ० अनिर्बन चौधरी, सहायक प्राध्यापक, कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भिलाई एवं डॉ० शालिनी वर्मा, सहायक प्राध्यापक भिलाई मैत्री कॉलेज, रिसाली को आमंत्रित किये जाने का सुझाव दिया गया, जिसे प्रकोष्ठ के सभी सदस्यों द्वारा सहर्ष ही स्वीकृति प्रदान की गयी।

अपोलो कॉलेज अंजोरा, दुर्ग (छ.ग.) 79
IQAC

बैठक में आप सभी सदस्यों की उपस्थिति रही।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | डॉ० सिद्धार्थ जैन | प्राचार्य, अपोलो कॉलेज | [signature] |
| 2. | श्रीमती बी० पॉल | [illegible], अपोलो कॉलेज<br>प्राचार्य, शा० उ०मा० शा०, थनौद | [signature] Principal L.L. Sharma Govt. H... Thanaud, Dist-Durg |
| 3. | श्री संजय अग्रवाल | एम्पलायर, अपोलो कॉलेज | [signature] |
| 4. | डॉ० मनीष जैन | प्रबंधक, अपोलो कॉलेज | [signature] |
| 5. | डॉ० रजत कुमार जैन | प्राध्यापक, अपोलो कॉलेज | [signature] |
| 6. | श्रीमती निधी अग्रवाल | सहा० प्रा०, अपोलो कॉलेज | Nidhi |
| 7. | श्रीमती नेहा चन्द्राकर | सहा० प्रा०, अपोलो कॉलेज | [signature] |
| 8. | श्रीमती चंदा साहू | सहा० प्रा०, अपोलो कॉलेज | [signature] |
| 9. | संजय वैष्णव | एलुमनी | [signature] |
| 10. | जसवंत | डी० एल० एड० प्रशिक्षार्थी | Jaswant |
| 11. | कुमार सौरव | एम० एड० प्रशिक्षार्थी | Gaurav 11/05/2021 |
| 12. | बेनु विश्वास | बी० एड० प्रशिक्षार्थी | B.Visvas |
| 13. | राखी शर्मा | सहायक प्राध्यापक, अपोलो कॉलेज | Rakhi |
| 14. | उत्तम जयेल | सहायक प्राध्यापक | [signature] |

बैठक समाप्ति की घोषणा।

IQAC Coordinator
Apollo College, Anjora
Durg (C.G.)

PRINCIPAL
APOLLO COLLEGE
ANJORA, DURG

अपोलो कॉलेज, अंजोरा, दुर्ग (छ.ग.) IQAC

Date ______ Page ______

## बैठक क्रमांक (19)

13 सितम्बर 2021 को प्रातः 11:30 बजे से अपोलो कॉलेज के प्राचार्य कक्ष में आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की बैठक आहूत की गयी, जिसमें आप सभी सदस्यों की उपस्थिति रही।–

| क्रमांक | नाम | पदनाम | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|
| 1. | डॉ० सिद्धार्थ जैन | प्राचार्य अपोलो कॉलेज, दुर्ग | [signature] |
| 2. | श्रीमती बी० पॉल | प्राचार्य, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला, थनौद | [signature] Pri... L.L. Sharma Govt. H... Thanaud, Dist-Durg |
| 3. | श्री संजय अग्रवाल | एम्पलॉयर, अपोलो कॉलेज | [signature] |
| 4. | डॉ० मनीष जैन | प्रबंधक, अपोलो कॉलेज | [signature] |
| 5. | डॉ० रजत कुमार जैन | प्राध्यापक, अपोलो कॉलेज | [signature] |
| 6. | श्रीमती निधी अग्रवाल | वरिष्ठ सहा० प्राध्यापक अपोलो कॉलेज, अँजोरा | Nidhi |
| 7. | श्रीमती नेहा चन्द्राकर | सहायक प्राध्यापक, अपोलो कॉलेज | [signature] |
| 8. | श्रीमती चंदा साहू | व्याख्याता, अपोलो कॉलेज | [signature] |
| 9. | संजय वैष्णव | एलुमनी, अपोलो कॉलेज | [signature] |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 10. | राखी शर्मा | सहायक प्राध्यापक अपोलो कॉलेज | Rakhi 13/09/21 |
| 11. | कुमार गौरव | एम.एड. प्रशिक्षार्थी अपोलो कॉलेज | Kr Gaurav 13/09/21 |
| 12. | कु० बेनु विश्वास | बी.एड. प्रशिक्षार्थी अपोलो कॉलेज | Biswas |
| 13. | उत्तम चंदेल | सहायक प्राध्यापक | [signature] |

बैठक में उपस्थित समस्त सदस्यों के विचार-विमर्श के उपरान्त महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये जो इस प्रकार हैं —

1.) अध्यक्ष महोदय द्वारा पिछली बैठक के कार्यवृत्त की समीक्षा की गयी। सभी कार्य के सफलता पूर्वक सँचालित होने की पुष्टि भी की गयी।

2) प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी महाविद्यालय से प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके प्रशिक्षार्थियों हेतु रोजगार के अवसर प्राप्त कराने के लिए प्लेसमेंट प्रभारी द्वारा प्लेसमेंट का आयोजन किया जाए, जिसे इस वर्ष open campus रखा जाए और दुर्ग जिले के आस-पास के शहरों से भी placement team और रोजगार के लिए इच्छुक प्रशिक्षार्थियों को आमंत्रित कर उन्हें भी अवसर प्रदान किया जाए।

3) महिला प्रकोष्ठ द्वारा निबंध प्रतियोगिता आयोजित की जाए, जिसके लिए महिला प्रकोष्ठ प्रभारी श्रीमती चंद्रा साहू द्वारा प्रकरण आमंत्रित किये गये। सर्वसम्मति से 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' प्रकरण पर निबंध प्रतियोगिता कराये जाने का निर्णय लिया गया।

अपोलो कॉलेज, आंजोरा, दुर्ग (छ.ग.)
IQAC

4) महाविद्यालय में चली आ रही नवप्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत एवं अंतिम सेमेस्टर / वर्ष के विद्यार्थियों की विदाई किये जाने की परंपरा की नियमितता को बनाये रखते हुये कार्यक्रम आयोजित किया जाए, जिसमें मि० फ्रेशर, मिस० फ्रेशर मि० फेयरवेल, मिस० फेयरवेल, मिस० ब्यूटीफुल, मि० हैण्डसम, आऊटस्टैण्डिंग परफॉरमेंस के साथ अंतिम सेमेस्टर / वर्ष के विद्यार्थियों को प्रथम, द्वितीय पुरस्कार कक्षा में अकादमिक उपलब्धियों पर महाविद्यालयीन प्रबंधन की ओर से दिये जाने का निर्णय लिया गया।

5) बी० एड० तथा डी० एल० एड० पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षार्थियों हेतु स्कूल इंटर्नशिप के महत्व से अवगत कराने के लिए विषय विशेषज्ञ को आमंत्रित किया जाए, जिस हेतु अध्यक्ष द्वारा विषय विशेषज्ञ का नाम सुझाया गया कि डॉ० सुमनलता सक्सेना, विभागाध्यक्ष शिक्षा विभाग, कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सेक्टर-7, भिलाई नगर को आमंत्रित किया जाए, जिसे सभी सदस्यों द्वारा सहमति प्रदान की गयी।

6) धार्मिक सहिष्णुता को बढ़ावा देने के लिए महाविद्यालय द्वारा अनेक धार्मिक कार्यक्रमों का भी आयोजन महाविद्यालयीन स्तर पर किया जाता है। इसी कड़ी में कुंवार नवरात्रि में देवी दुर्गा मां की सेवा में 'गरबा' का आयोजन कर महाविद्यालयीन वातावरण को धार्मिक बनाकर आपसी धार्मिक मित्रता को प्रोत्साहन दिया जाए।

7) अपोलो महाविद्यालय में संचालित डी० एल० एड०, बी० एड० तथा एम० एड० पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आवश्यक कार्यवाही किये जाने पर विचार-विमर्श किया गया एवं अध्यक्ष महोदय द्वारा प्रवेश प्रभारियों को प्रवेश संबंधी समस्त तैयारियां एवं दस्तावेजों सामग्रियों को एकत्रित किये जाने का आदेश भी दिया गया।

अपोलो कॉलेज, अंजोरा, दुर्ग (छ.ग.) IQAC

8) आई०क्यू ए० सी० समन्वयक ने प्रकोष्ठ के सभी सदस्यों को जानकारी दी कि कोरोना काल के कारण एक tentative academic plan तैयार किया जा चुका है, आवश्यकतानुसार इसमें परिवर्तन किया जा सकता है।

9) अध्यक्ष महोदय द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी AISHE के portal में data भेजा जाना है बताया गया एवं डॉ० लखन चौहान को AISHE Report तैयार करने की जिम्मेदारी दी गई।

10) महाविद्यालय में कार्यरत शिक्षकों की गुणवत्ता में बढ़ोतरी तथा शिक्षण कौशल के विकास हेतु सर्वसम्मति से जून माह में शिक्षक उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किये जाने का निर्णय लिया गया। श्रीमती मौली चक्रवर्ती द्वारा डॉ० गुरप्रीत कौर छाबड़ा, प्राचार्य संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, राजनांदगांव से रिसोर्स पर्सन के लिए आमंत्रित किये जाने का सुझाव दिया गया, जिसे सभी ने स्वीकृति प्रदान की।

11) परस्पर चर्चा उपरान्त इस सत्र की प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरान्त ही Student Induction Programme आयोजित किये जाने का निर्णय लिया गया। जिसका schedule बनाने का कार्य श्री उत्तम जायसवाल को दिया गया।

12) इस वर्ष भी mentor - mentee system का पालन किये जाने का आदेश अध्यक्ष द्वारा दिया गया तथा सभी शिक्षकों को mentorship हेतु अनिवार्य है।

13) श्री संजय अग्रवाल जी द्वारा सभी सदस्यों को जानकारी दी गयी कि इस सत्र में स्टाफ क्वाटर का निर्माण आरंभ हो जाएगा।

14) प्रबंधक महोदय द्वारा यह भी जानकारी दी गयी कि महाविद्यालयीन प्रबंधन समिति ने कॉलेज परिसर को सुरक्षित करने के लिए चारों ओर बाउंड्री वॉल बनाने का निर्णय लिया है।

15) कॉलेज लाइब्रेरी में किताबों की संख्या के साथ जर्नल की संख्या में भी बढ़ोतरी किये जाने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया।

16) कॉलेज में 3 और कम्प्यूटर को खरीदने का आदेश श्री संजय अग्रवाल जी द्वारा दिया गया।

17) Value Added Course की निरंतरता को बनाये रखा जाने का निर्णय लिया गया। आई०क्यू०ए०सी० समन्वयक द्वारा जानकारी दी गई कि अभी तक कुल 5 value added course कॉलेज में संचालित हैं। इस वर्ष 'Cultural Heritage' नये value added course को शामिल किया गया है।

18) रिसर्च सेल के द्वारा तहत "Research Publication & Ethics" लेक्चर कराये जाने का सुझाव डॉ० रजत कु० जैन द्वारा दिया गया जिसे सभी ने स्वीकृति प्रदान की।

19) डी०एल० एड० पाठ्यक्रम की रिक्त सीटों की पूर्ति हेतु प्रक्रिया आरंभ किये जाने का निर्देश श्री संजय अग्रवाल जी द्वारा दिया गया। जिसमें विभागाध्यक्ष एवं व्याख्याताओं को नियमित कराये जाने की ~~प्रक्रिया शुरू की जाए~~। का निर्णय लिया गया।

20) महाविद्यालय में Environmental Audit, Energy Audit एवं Green Audit कराये जाने के लिए डॉ० मनीष जैन जी ने राज एनर्जी का नाम सुझाया, जिसे सहर्ष ही स्वीकृति प्रदान की गयी।

21) कॉलेज की Best Practices में Vocational Programme के अंतर्गत मास्क एवं राखी बनाने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। इसका कार्यभार मौली चक्रवर्ती को दिया गया।

22) प्रतिवर्ष कॉलेज के छात्र अध्यापक निःशुल्क शिक्षण केन्द्र प्रेक्टिस अंतर्गत दे रहे हैं। इस वर्ष भी इसकी निरंतरता को बनाये रखा जाए।

23) विश्वविद्यालय के आदेशानुसार परीक्षा पैटर्न रहेगा तथा Blended mode पर शिक्षण कार्य किया जाने का निर्णय लिया गया।

अध्यक्ष की अनुमति से –

अध्यक्ष महोदय द्वारा प्रकोष्ठ के सभी सदस्यों को जानकारी दी गयी कि राज्य के विद्यार्थियों के कौशलों की वर्तमान स्थिति से अवगत होने थर्ड पार्टी सर्वे (असर सर्वे) से किया जाना है। इस सर्वे में बच्चों के मूलभूत भाषाई एवं गणितीय कौशलों की वर्तमान स्थिति की जानकारी लिया जाना है। अतः अपोलो महाविद्यालय के विद्यार्थी भी इस सर्वे का हिस्सा बनने जा रहे हैं।

शिक्षक प्रशिक्षार्थियों में आर्ट एण्ड क्राफ्ट से संबंधित गार्डन डेकोर पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की जाए, जिसके लिए आवश्यक कार्यवाही किये जाने हेतु आर्ट एण्ड क्राफ्ट प्रभारी को अध्यक्ष द्वारा आदेश दिया गया।

एलुमनी संघ के सदस्यों द्वारा कार्यक्रम आयोजित किये जाने का निर्णय लिया गया। जिसके लिए संघ की अध्यक्ष द्वारा जरूरतमंदों एवं निर्धन व्यक्तियों को खाद्य सामग्री, कंबल और चप्पल दिये जाने का सुझाव दिया गया जिसे एलुमनी प्रभारी, सदस्य एवं अन्य सदस्यों द्वारा सहर्ष ही स्वीकृति प्रदान की गयी।

अध्यक्ष द्वारा बैठक समाप्ति की घोषणा।

[signature]
IQAC Coordinator
Apollo College, Anjora
Durg (C.G.)

[signature]
PRINCIPAL
APOLLO COLLEGE
ANJORA, DURG

**INTERNAL QUALITY ASSURANCE CELL (IQAC )**

**Action Taken Report Session 2021-2022**

1. IQAC meeting was held online mode on 1st may 2021 & meeting taken offline after Corona infection rate reduced & Lock Down opened.
2. Online essay writing competition & online paper presentation on the theme of "Water conservation & Corona Awareness" through Google Meet on 26th May 2021.
3. Tree plantation programme was organized on the occasion of World Environment Day on 5 June 2021 & water drying pit was constructed for water conservation on 5th June 2021.
4. Faculty Development Programme titled "Enriching knowledge about Research" was organized online on 12th June 2021. Dr. B.V. Rammana Rao, Asst. Prof. IASE, Bilaspur, C.G. And Prof. Neera Pandey, HOD Edu. Dept. Shri Shankaracharya College, Bhilai.
5. Faculty Orientation programme was organized on 28th June 2021 to 1st July 2021. Dr. Gurpreet Kaur Chhabra, Principal, Sanskar City College of Education, Rajnandgaon & Dr. Rachna Pandey were resource persons.
6. Student Induction Programme was organized on 5th April 2021 to 8th April 2021 for the fresher.
7. A tentative Annual Plan & activities were finalized for this academic year.
8. Mentor-Mentee Programme for this session was initiated with circular.
9. Staff Quarter was built in college campus for teachers.
10. Construction of Boundary wall in college campus was completed.
11. 210 Text Books, 32 Reference Books & 1 Journal were purchased for the library.
12. Three Computer were added in the college.
13. New Value Added Course "Cultural Heritage" on 1st March to 30th March 2022. Mrs. Rinky Dewangan & Mr. Dushyant Harmukh were resource persons.
14. Personality Development Programme on the title of "Personality Development of Teachers" was organized on 18th & 19th June 2021 through zoom app. Mrs. Subhada Joglekar, Academic Administrator, Chaitanya College Pamgarh, Dr. Simmi Shrivastava, Rehabilitation Psychologist, Raipur, Dr. Pramod Gupta, Sr. Psychiatrist, Durg & Mr. Vivek Joglekar, Sr. Counselor & Facilitator for youth, Bilaspur were eminent speakers.
15. International Yoga Day was organized on 21st June 2021. In first session Mr. Anesh Ku. Deshmukh Yog trainer, C.G. Yog Ayog was resource person. In second session Dr. P.L. Sao Yog Guru, Devine India Youth Association, Yogacharya, Dr. Y.K. Sahu, Regional President, Gayatri Pariwar, Yogacharya Prof. Anita Sao CSIT Mechanical Dept. were resource persons.
16. "Kavi Sammelan" was organized online mode on 2nd July 2021 through Google meet. Kavi Harish Nirmalkar, Kavi Prem Ku. Pandey & Kavi Bhavesh Deshmukh were invited in this Programme.
17. "Sadbhavna" Inter College Competition was organized online mode through Google meet on 9th & 10th July 2021. Various interesting competition like Mehandi, Rangoli, Flower Decoration, Quiz, Solo Song & Dance, Group Song & Dance competitions & Sports were organized. Seventeen colleges were participated in this event. Hon. V.C. Hemchand Yadav University Dr. Aruna Palta was Chief Guest.

18. National Webinar on the theme of "Post Covid Shifts in Academic Environment & Coping Strategies" on 24th & 25 July 2021 in online mode. Hon. V.C. Hemchand Yadav University Dr. Aruna Palta was Chief Guest on First day & Hon. Prof. L.P. Pateriya, V.C. SNP University, Raigarh was the Chief Guest on second day.
19. Parent Teacher Association (P.T.A.) meet was organized online mode on 1st Aug. 2021 for the session of 2020-21 and P.T.A. meet was held on 1st May 2022 for the session of 2021-22.
20. "Brest Feeding Awareness" programme was organized on 4th Sept. 2021 through Women Cell. Dr. Mansi Gulati, Gynecologist was the resource person.
21. Guest lecturer on Research Methodology by Dr. Anirban Choudhary, Asst. Prof. Kalyan P.G. College, Bhilai Nagar in online mode on 31st Aug. 2021. Dr. Shalini Verma, Bhilai Maitri College, Bhilai delivered lecture on "Research Proposal" on 4th Sep. 2021 in online mode. Dr. Sumanlata Saxena HOD of Edu. Dept. Kalyan P.G. College Bhilai Nagar, delivered lecture on " Importance of Internship in Teacher Training" on 4th Oct. 2021 through Google meet. Dr. Sanjeev Shukla Asst. Prof. of Edu. Dept. Shri Gandhi Mahavidyalaya, Sidhouli, Sitapur, UP was delivered lecture on "Research Publication & Ethics" on 28th Sept. 2021.
22. Placement Activity was organized for student teachers & Alumni on 15th Sept. 2021.
23. Essay Writing competition was organized through Women Cell on the topic of "Beti Bacho Beti Padhao" on 28th Sept. 2021.
24. Fresher & Farewell Party were organized on 29th Sept. 2021. In which talented student teachers were rewarded by the college management.
25. On the occasion of Navratri "Garba" Competition was oganzied on 12th Oct. 2021.
26. Alumni Association activity participated in social activities & on behalf the association Blankets, Slippers & Food were distributed to the needy people of the society.
27. Workshop on Garden Décor was organized on 22th Jan. 2022 through Google meet.
28. Workshop was organized to make decorative items on the occasion of International Women's Day 8th March 2022 through Women Cell.
29. Interview conducted for D.El.Ed. faculties on 15th march 2022. In which regular lecturer & HOD were appointed by State Council of Educational Research, Raipur, C.G.
30. Holi Milan Samaroh was organized on 16th March 2022.
31. National Webinar was jointly organized by Vikram Sarabhai on the team of "Space Technology & Popular Science" for Science student & teacher through online mode. Dr. Manish Gupta Scientist (ISRO), Ahemdabad, Gujrat, Neha Gaur Scientist (ISRO) were eminent speaker.
32. Raj Energy Services has conducted Energy Audit, Environmental Audit & Green Audit of Apollo College, Anjora, Durg, C.G. on 11th, 12th, & 13th Jan. 2022.
33. Successfully uploaded AISHE report for the session 2021-22.
34. Remedial classes were organized for slow learners on 17th to 28th May 2022. Thirteen student teachers were benefited from this.
35. The Annual College Magazine "Anudeepti" RNI No. CHHBIL/2018/75983 was published in the month of Jan. & the Annual Journal "Apollo Journal of Educational Research" ISSN:2321-9920, RNI No. CHHBIL/2017/72489 was published in the month of June.
36. Mask Making workshop was organized on 2nd July 2021. Rakhi Making workshop on 11th Aug. 2021.
37. Free teaching was provided to needy students & schools which required teaches for special subject by the college students to Govt. H. S. Girls School, Dongargarh, Confluence College of Higher Education, Rajnandgaon and Lakshya Spoken English Cochin Centre, Tedesara. BY 15 student teachers were taken initiative.

38. National Seminar was organized on the theme of "Impact of Prolonged Covid on Present and Future of Academia : Callenges and Opportunities in Special Reference to NEP-2020 " on 7th and 8th May 2022. Hon. V. C. HYU Durg was the chief guest in first day & Registrar HYU Durg was the chief guest in second day. Dr. Prashant Shrivastava, DSW HYU Durg , DR. k. M. Bhandarker, National President, Council of Teacher Education, Nagpur, Dr. Parth Sarthi Mallick, HOD, School of Education, Gangadhar Mehar Uni., Sambalpur, Dr. Upendra Upadhyay, Principal, Bharti College of Education, Ranchi etc. were Resource persons.
39. Short term course for student teachers was organized on "Braille Script" on 1rst to 15th Dec. 2021 at Bright Shikshan evam Manav Kalyan Samiti, Barai Para, Durg, off. "Prashamak Dekh Rekh Grih" Kadambari Nagar, Durg (C.G.). Fifty student teachers took training in Braille Script and benefited from it.
40. Talented student teachers were rewarded by college management & also they were honored with "Student of the Year" in the basis of his/her overall performance. Mr. Anand was honored with "Student of the Year".
41. Support staffs were rewarded by college management for their excellence work. Financial support by college management in advance.
42. The process for making Vermi Compost was completed and Obtained Vermi Compost was used for college Garden and Nursery.

IQAC Coordinator
Apollo College, Anjora
Durg (C.G.)

PRINCIPAL
APOLLO COLLEGE
ANJORA, DURG